## न्यूज डायरी



### चीन कार्गो शिप में छिपा रहा किलर मिसाइलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। ताइवान से लेकर लद्दाख तक आंखें दिखा रहा चीनी ड्रैगन अब ऐसी मिसाइलें बना रहा है जिसे कार्गो शिप के अंदर छिपाया जा सकता है। पश्चिमी विशेषज्ञों के मुताबिक ये मिसाइलें बंदरगाहों पर बिना पकड़ में आए ही आसानी से निकल जाएंगी और युद्ध की सूरत में चीन अचानक से बिना किसी चेतावनी के दुनिया में कहीं भी भीषण मिसाइल हमला कर सकता है। चीन की इस चाल का खुलासा ऐसे समय पर हुआ है जब ड्रैगन बड़े पैमान पर युद्धपोत और एयरक्राफ्ट कैरियर बना रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक चीन के पास अत्याधुनिक मालवाहक जहाजों विशालकाय बेड़ा है जिसमें मिसाइलों को आसानी से छिपाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाहर से सामान्य कंटेनर की तरह से दिखने वाले ये जहाज किलर मिसाइलों से लैस होंगे।

### आईएएनएस के पतन के बाद अब 'नया संकट' चाहता है अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली शामखानी ने अमेरिका पर इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी समूह के पतन के बाद क्षेत्र में 'एक नया संकट' उत्पन्न करने का आरोप लगाया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार विदेश मंत्री फैसल मेकदाद शामखानी ने मंगलवार को सीरिया के दौरे पर एक बैठक में कहा कि सीरिया और इराक में दाएश (आईएस) के पतन के साथ–साथ प्रतिरोध मोर्चे की जीत को लेकर अमेरिका बहुत गुस्से में है और एक नए संकट की तलाश में है। शामखानी ने चेतावनी दी कि अमेरिका और इस्राइल द्वारा सीरिया में सुरक्षा संकट पैदा करने से पूरे क्षेत्र के लिए खतरनाक परिणाम हो सकते हैं। ईरानी सुरक्षा अधिकारी ने सीरिया, फिलिस्तीन और लेबनान के खिलाफ लगातार इजरायली हवाई हमलों की निंदा करते हुए कहा कि 'प्रतिरोध' ही इजरायल की आक्रामकता का सामना करने का एकमात्र साधन है।

### त्रिनिदाद में इमाम ने हिंदू मूर्तियों को बेचने का किया विरोध, मिला जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पोर्ट ऑफ स्पेन। बड़ी संख्या में हिंदू आबादी वाले कैरेबियाई देश त्रिनिदाद एंड टोबैगो में एक मुस्लिम इमाम ने सुपर मार्केट में हिंदू मूर्तियों को बेचने का विरोध किया है। अंजुमन सुन्नतुल जमात संघ के चेयरमैन इमाम इम्तियाज अली ने अपने पत्र में प्राइस क्लब सुपरमार्केट से हिंदू धार्मिक आइटम्स को हटाने के लिए कहा था। इसके बाद प्राइस क्लब ने इमाम को करारा जवाब दध्यिा और कहा कि ऐसे सामानों को बेचने पर कोई धार्मिक प्रतिबंध नहीं है। उधर, बढ़ते विवाद के बाद अंजुमन सुन्नतुल जमात संघ से भी इमाम के बयान से किनारा कर लिया है। अंजुमन ने सनातन धर्म महासभा को लिखे एक पत्र में ASJA के महासचिव रहिमूल हुसैन के हवाले से कहा कि इमाम का यह पत्र दोनों पक्षों के बीच अच्छे रिश्तों को खराब कर सकता है।

### श्रीलंकाई मैनेजर को जिंदा जलाने पर पाकिस्तानी मंत्री ने उगला जहर


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** श्रीलंकाई मैनेजर की जिंदा जलाकर हत्या करने को लेकर दुनियाभर में घिरे पाकिस्तान ने अब इस जघन्य हत्याकांड के बहाने भारत के खिलाफ जहर उगला है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने कहा कि सियालकोट लिंचिंग पर पाकिस्तानी समाज और सरकार की प्रतिक्रिया यह साबित करती है कि श्हम भारत नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत में मुस्लिमों के खिलाफ लगातार हिंसा हो रही है लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। फवाद चौधरी ने कहा कि ईशनिंदा हत्या मामले में अरेस्ट किए गए लोगों के खिलाफ जल्द से जल्द ट्रायल शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान की सरकार प्रत्येक अल्पसंख्यक समुदाय को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए जिम्मेदार है। हम इस सिद्धांत का पालन करते हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत में समय–समय पर मुस्लिमों के खिलाफ हिंसा होती रहती है।

# अमेरिका ने चेतावनी दी कि रूस ने यूक्रेन पर आक्रमण किया तो लगाएंगे प्रतिबंध

**चेतावनी**

## यूक्रेन तनाव पर बाइडन–पुतिन में दो घंटे हुई बातचीत





**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। यूक्रेन सीमा पर चल रहे तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और रूस के उनके समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच दो घंटे तक वीडियो कॉल के जरिए बातचीत हुई। इसमें अमेरिका ने रूस को स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर उसने यूक्रेन पर आक्रमण किया तो उस पर प्रतिबंध लगाए जाएंगे और रूसी अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचेगा। यह अहम बातचीत ऐसे समय पर हुई है जब रूस ने हजारों की तादाद में सैनिक और अत्याधुनिक हथियार यूक्रेन की सीमा पर तैनात किए हैं।

यूक्रेन सीमा पर रूस के सैन्य जमावड़े के बाद दोनों नेताओं के बीच यह बहु प्रतीक्षित बातचीत ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और पश्चिम देशों में रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला करने की आशंका को लेकर चिंता बढ़ रही है। पुतिन इस बैठक में बाइडन से यह गारंटी चाहते थे कि नाटो सैन्य गठबंधन यूक्रेन समेत अन्य जगहों पर अपना विस्तार नहीं करेगा। यूक्रेन के सवाल पर तनाव कम करने की अभी कोई गुंजाइश नहीं दिखायी दी और अमेरिका ने कूटनीति और तनाव कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा रूस को आक्रमण के गंभीर परिणाम भुगतने की कड़ी चेतावनियां दीं।

**'यूक्रेन को अतिरिक्त रक्षात्मक सामान मुहैया कराएंगे':** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने दोनों नेताओं के बीच बातचीत के बाद कहा कि बाइडन ने 'राष्ट्रपति पुतिन को साफ तौर पर कहा कि अगर रूस, यूक्रेन पर आक्रमण करता है तो अमेरिका और हमारे यूरोपीय सहयोगी देश सख्त आर्थिक पाबंदियों के साथ प्रतिक्रिया देंगे।' उन्होंने कहा कि बाइडन ने कहा कि तनाव बढ़ने की स्थिति में अमेरिका 'यूक्रेन को अतिरिक्त रक्षात्मक सामान मुहैया कराएगा और हम पूर्वी सीमा पर अपने नाटो सहयोगियों को अतिरिक्त क्षमताओं के साथ मजबूत करेंगे।'

अमेरिका की एक शीर्ष दूत विक्टोरिया नुलैंड ने कहा कि यूक्रेन पर हमला करने से रूस और जर्मनी के बीच एक विवादित पाइपलाइन भी खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने मंगलवार को सीनेट की विदेश संबंधों की समिति को बताया कि अगर रूस हमला करता है 'हम उम्मीद करते हैं कि पाइपलाइन निलंबित कर दी जाएगी।' पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार युरी उशाकोव ने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान प्रतिबंध की चेतावनियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, 'हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने संभावित प्रतिबंधों के बारे में बात की है लेकिन हमारे राष्ट्रपति ने जोर दिया कि रूस को किसकी आवश्यकता है। प्रतिबंध कोई नयी बात नहीं है, वे लंबे समय से लगे हुए हैं और उनका कोई असर नहीं पड़ेगा।' उन्होंने राष्ट्रपतियों के वीडियो कांफ्रेंस को 'स्पष्ट और व्यावसायिक उद्देश्यों' वाला बताया और कहा कि दोनों नेताओं ने कई मौकों पर एक–दूसरे के साथ मजाकिया अंदाज में भी बातचीत की। वाइट हाउस में सुलिवन ने कहा, 'यह एक उपयोगी बैठक थी।'

## म्यांमार हिंसा में भूमिका के लिए फेसबुक पर 150 अरब डालर का मुकदमा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। एक रोहिंग्या शरणार्थी ने इंटरनेट मीडिया के सबसे बड़े प्लेटफार्म फेसबुक पर 150 अरब डालर (करीब 11 लाख करोड़ रुपये) के हर्जाने का मुकदमा ठोंक दिया है। इस रोहिंग्या शरणार्थी ने फेसबुक पर मुकदमा म्यांमार के सैन्य शासक और उसके समर्थकों के स्थानीय मुस्लिम समुदाय के लोगों के खिलाफ हिंसा को जायज ठहराने और उनके समुदाय के खिलाफ नफरत भरी विषय सामग्री का प्रसार रोकने से नाकाम रहने पर किया है।

रोहिंग्या के वकीलों ने अमेरिकी राज्य कैलीफोर्निया में विगत सोमवार को फेसबुक की प्रमुख कंपनी मेटा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। केस में आरोप लगाया गया है कि म्यांमार में फेसबुक के आने के बाद से ही हिंसा और नफरत का सिलसिला शुरू हो गया है। फेसबुक के जरिये वहां हिंसा फैलाई गई, नफरत भरे भाषण और गलत जानकारियों से भ्रम फैलाए गए। इसी का नतीजा हुआ कि म्यांमार में बड़े पैमाने पर रोहिंग्याओं का नरसंहार हुआ। इसीतरह ब्रिटेन की राजधानी लंदन में भी रोहिंग्या के वकीलों ने एक कानूनी नोटिस भेजा है। इस साल विगत एक फरवरी से सेना के तख्तापलट के बाद से वहां हो रहे लोगों के उत्पीड़न संबंधी जानकारियां भी फेसबुक सही तरीके से नहीं दे रहा है।



## इजरायल ने गाजा की ओर बनाई 65 किमी लंबी हाइटेक दीवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेलअवीव। इजरायल ने गाजा से होने वाले हमास के हमलों को रोकने के लिए 65 किमी लंबी लोहे की दीवार बनाने का काम पूरा कर लेने का ऐलान किया है। यह हाईटेक दीवार अंडरग्राउंड सेंसर, रेडार और कैमरों से लैस है। गाजा की ओर से इस दीवार को पार करने की कोशिश करने पर दुश्मन इजरायली सुरक्षा बलों की निगाह में आ जाएंगे और पलक झपकते ही उनका खात्मा कर दिया जाएगा। इजरायल इसे बैरियर बता रहा है जिसे करीब साढ़े तीन साल के निर्माण के बाद पूरा किया गया है। इजरायल ने साल 2007 में गाजा में हमास के शासन के आने के बाद से ही ब्लाकेड कर रखा है।

# ओमीक्रोन कोरोना वेरिएंट अब 50 देशों में फैला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। दक्षिणी अफ्रीका में दो सप्ताह पहले खोजा गया ओमीक्रोन कोरोना वेरिएंट अब 50 देशों में मौजूद है। ये जानकारी अमेरिकी सीडीसी निदेशक रोशेल वालेंस्की ने दी। मंगलवार को वाइट हाउस में कोरोना की प्रेस वार्ता के दौरान वालेंस्की ने कहा कि कोरोना का सुपर म्यूटेंट स्ट्रेन अमेरिका के लगभग 19 राज्यों में भी मौजूद है। उन्होंने कहा कि अमेरिका वर्तमान में हर दिन कोरोना के लगभग 100,000 नए मामले देख रहा है।

वॉलेंस्की ने कहा, 'जबकि ज्यादातर समाचार नए ओमिक्रॉन कोरोना वेरिएंट पर केंद्रित हैं, मैं

**अमेरिका में हर दिन आ रहे कोरोना के 1 लाख केस**

आपको फिर बताना चाहता हूं कि संयुक्त राज्य में 99 प्रतिशत से ज्यादा मामले डेल्टा वेरिएंट के हैं।' वालेंस्की ने कहा, हालांकि, 'हम अभी ओमीक्रोन की गंभीरता को समझने के लिए काम कर रहे हैं और साथ ही यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि यह टीके नए वेरिएंट पर कितने प्रभावी हैं। तभी हम ओमीक्रोन के खिलाफ कुछ सुरक्षा प्रदान करेंगे।'

वाइट हाउस के मुख्य चिकित्सा सलाहकार डॉ. एंथनी फौसी के अनुसार, वैज्ञानिकों के पास अगले सप्ताह के मध्य तक कुछ डेटा होगा, जो दर्शाएगा कि वर्तमान टीके नए ओमीक्रोन से मुकाबले करने के लिए कितने प्रभावी हैं। उन्होंने कहा कि महामारी विज्ञान और क्लिनिकल अध्ययनों से 'रियल–वर्ल्ड एवीडेंस' से इसके बारे में जानकारी मिलेगी। तभी हम इसका जवाब दे सकेंगे कि वायरस कितना संक्रामक और गंभीर है और साथ ही यह टीके इसपर प्रभावी है भी या नहीं।

अमेरिकी संक्रामक रोग विशेषज्ञ ने एक चार्ट की ओर भी इशारा किया, जिसमें दक्षिण अफ्रीका में प्रति 10 करोड़ लोगों पर पुष्टि किए गए ओमिक्रॉन मामलों का सात–दिवसीय रोलिंग औसत दिखाया गया था। हालांकि, फौसी ने कहा कि बीमारी की गंभीरता को निर्धारित करना जल्दबाजी होगी।

## पाकिस्तान में दही खरीदने के लिए रेलवे ड्राइवर ने रोकी ट्रेन, रेल मंत्री ने दी यह सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। कंगाली की हालत से गुजर रहे पाकिस्तान रेलवे के एक ड्राइवर ने दही लेने के लिए ट्रेन को रोक दिया। 'डॉन' की खबर के मुताबिक, पाकिस्तान के रेल मंत्री आजम खान स्वाति ने काहना रेलवे स्टेशन के पास दही खरीदने के लिए रास्ते में ट्रेन रोकने वाले चालक और उसके सहायक को निलंबित कर दिया है। मंत्री ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो पर कार्रवाई की, जिसमें ट्रेन चालक को एक दुकान से दही खरीदते और ट्रेन को रोकते हुए दिखाया गया है। वीडियो क्लिप के बाद रेलवे विभाग की आलोचना की गई, जो दुर्घटनाओं, यात्री सुरक्षा और घटते राजस्व के विभिन्न मुद्दों के कारण परेशानी में रहा है। मंत्री ने कार्रवाई की और पाकिस्तान रेलवे लाहौर प्रशासन को ड्राइवर राणा मोहम्मद शहजाद को निलंबित करने का आदेश दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि सहायक इफ्तिखार हुसैन पर भी कार्रवाई की गई है। मंत्री ने एक बयान में चेतावनी दी, 'मैं भविष्य में इस तरह की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करूंगा।